वर्ष : 16 | अंक : 01 जयपुर | सोमवार, 03 नवम्बर, 2025 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी संवत्-2082 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 12+4

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

# बढ़ता राजस्थान

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

16th Anniversary बढ़ता राजस्थान

# राजस्थान में खड़े ट्रेलर में घुसा टेंपो ट्रेवलर, 15 की मौत

## मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका; ओवरटेक करने के दौरान हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** राजस्थान के फलोदी में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां बापिणी उपखंड क्षेत्र के मतोड़ा में टेंपो ट्रेवलर खड़े ट्रेलर में घुस गया। हादसे में 15 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मरने वालों में 4 बच्चे, ड्राइवर और 10 महिलाएं शामिल है। जानकारी के अनुसार, टेंपो ट्रेवलर में सवार सभी लोग जोधपुर के सूरसागर से कोलायत में कपिल मुनि के आश्रम में दर्शन करने के लिए गए थे। लौटते समय मतोड़ा थाना क्षेत्र में हादसा हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो ट्रेवलर का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मतोड़ा थाना अधिकारी अमानाराम ने बताया- शाम करीब 6.30 बजे भारत माला हाईवे पर हादसा हुआ। सड़क पर खड़े ट्रेलर में पीछे से टेंपो ट्रेवलर घुस गया। 2 घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर रेफर किया गया है। सभी शवों को ओसियां के सरकारी अस्पताल से जोधपुर भेजा गया है। थानाधिकारी ने बताया- हादसे के बाद टेंपो ट्रेवलर में फंसे घायलों और शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ग्रामीणों की मदद से सभी को बाहर निकाला गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### ओवरटेक करने के दौरान हुआ हादसा

प्रत्यक्षदर्शी महिपाल सारण ने बताया- भारत माला हाईवे पर साइड में लोगों ने छोटे ढाबे खोल रखे हैं। ट्रेलर ढाबे के आगे खड़ा था। पीछे से तेज रफ्तार टेंपो ट्रेवलर अपनी लेन में चल रहा था और तीसरी लेन से आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक कर रहा था। अचानक सड़क किनारे खड़े ट्रक से ट्रेवलर टकरा गया।



### बदहवास हालत में अस्पताल पहुंचे परिजन

मतोड़ा के पास हुए सड़क हादसे में घायलों को जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में लाया गया है। हादसे के बाद घायल और मृतकों के परिजन यहां पहुंचे हैं। वे बदहवास हैं। ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायलों को अस्पताल लाया गया है। पुलिस अधिकारी भी अस्पताल में मौजूद हैं।

### 2 घायलों को एमडीएम हॉस्पिटल लाए, उनकी हालत स्थिर

मथुरादास माथुर अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर विकास राजपुरोहित ने बताया- यहां दो घायलों को लाया गया है। इनका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। इसके अलावा भी अस्पताल में यदि अन्य घायल लाए जाते हैं तो उनके लिए भी यहां पर व्यवस्था की गई है।

# एक नई सुबह, एक नया संकल्प



राम बिलास विजयवर्गीय
प्रधान संपादक, बढ़ता राजस्थान

जब मैं यह संपादकीय लिख रहा हूं, मन में अपार संतोष और गर्व की भावना है। आज बढ़ता राजस्थान अपने जयपुर संस्करण के 16वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि उन संघर्षों, समर्पण और पाठकों के अटूट विश्वास का प्रतीक है, जिन्होंने हमारी हर सुबह को अर्थपूर्ण बनाया है। जब इस यात्रा की शुरुआत की थी, तब हमारे पास सीमित साधन थे, लेकिन एक असीम विश्वास था सच्चाई को निडर होकर सामने लाने का। राह आसान नहीं थी, पर हर चुनौती ने हमें और मजबूत बनाया। हर आलोचना ने हमें सजग किया, और हर पाठक की प्रतिक्रिया ने हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

बढ़ता राजस्थान का जन्म भ्रष्टाचार, अन्याय और जनविरोधी तंत्र के खिलाफ एक सशक्त आवाज के रूप में हुआ था। जब समाज के हर स्तर पर बेईमानी और लालफीताशाही ने जड़ें जमा ली थीं, तब हमारी कलम ने निडर होकर सच्चाई का पक्ष लिया। यह केवल पत्रकारिता का कार्य नहीं, बल्कि जनसेवा का एक नैतिक दायित्व है, जिसे हमने सदैव निभाने का प्रयास किया है। हम सकारात्मकता में विश्वास रखते हैं, पर सकारात्मकता के नाम पर समझौता या चुप्पी हमारी नीति नहीं है। न हम किसी सत्ता के दबाव में झुकते हैं, न किसी अफसरशाही के संकेत पर चलते हैं। हमारी कलम हमेशा सच्चाई, पारदर्शिता और जनहित के साथ खड़ी रही है और आगे भी अडिग रहेगी। आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो यह 16 वर्षों की यात्रा केवल हमारी उपलब्धियों की कहानी नहीं, बल्कि आपके विश्वास और हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता की गाथा है। हमने मिलकर एक ऐसी पत्रकारिता गढ़ी है जो निडर है, निष्पक्ष है और जनता की आवाज को सशक्त बनाती है।


हम हर दिन को एक नई सुबह की तरह देखते हैं नई उम्मीदों, नए विचारों और नए संकल्पों के साथ। भविष्य की राहें चाहे जितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों, आपका विश्वास हमारे लिए सबसे बड़ी ताकत है।

आप सभी का हृदय से आभार आपके बिना यह सफर संभव नहीं था।

आइए, मिलकर इस यात्रा को और भी सार्थक बनाएं और आने वाले कल को सच्चाई और उम्मीद की नई रोशनी से जगमगाएं।

‘बढ़ता राजस्थान’
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ

श्री दयाल हॉस्पिटल
मोरला चौराहा, देवली



विशेषताएं :-
1. समस्त अस्थि रोगों का ईलाज।
2. फ्रेक्चर का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन की सुविधा।
3. नॉर्मल डिलेवरी और ऑपरेशन के द्वारा डिलेवरी की सुविधा।
4. बच्चेदानी के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
5. निःसंतान दम्पत्ति का ईलाज किया जाता है।
6. एक्सरे, सोनोग्राफी एवं लेबोरेट्री (जाँचे) की सुविधा उपलब्ध।
7. चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाता है।

डॉ. आनन्द प्रकाश मीणा
M.S. ऑर्थोडिक्स
(हड्डी जोड़ व स्पाईन रोग विशेषज्ञ)

डॉ. सरिता मीणा
M.S. गायनिक
(प्रसूति व स्त्री रोग विशेषज्ञ)

हमारी एक अपील
‘आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं’
‘सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब ’
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।



‘बढ़ता राजस्थान’
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ



सत्येन्द्र सिंह शेखावत
देवली



भीमसिंह शेखावत
पार्षद, नगर पालिका, देवली

सौजन्य से
बी.एस.एस. कॉन्ट्रेक्टर
इमानुएल मिशन स्कूल के पास, जयपुर रोड, देवली

हमारी एक अपील
‘आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं’
‘सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब ’
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।



# देवली गुरुद्वारा में श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )**। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के उपलक्ष्य में अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गुरु के प्रकाश पर्व पर गुरु कि साध संगत द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी शहर भर में निकाली जा रही है । गुरु के प्रकाश उत्सव पर गुरु घर के सेवक सनी सेठी,निर्मल सिंह आनंद मोहन बीलोची विजय नवलानी,लालचंद धर्मानी सहित कई सेवकों ने प्रभात फेरी को अपने अपने घर बुलाकर उनका भव्य स्वागत किया और सुख समृद्धि की अरदास करवाई। जानकारी के अनुसार इस अवसर पर गुरुद्वारा दरबार में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष सुखमणि साहब के पाठ की लड़ियां चल रही है इस मौके पर देवली गुरुद्वारा के ग्रंथि त्रिलोक सिंह ने जानकारी में बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर महिला साध संगत के द्वारा गुरुद्वारा मे सुखमणि साहब के पाठ किए जा रहे हैं। वही सुखमणि साहब पाठ के उपरांत ग्रंथि त्रिलोक सिंह द्वारा कीर्तन दरबार सजाया जा रहा है। इस मौके पर ग्रंथि द्वारा गुरु जी की जीवनी पर प्रकाश डाला जा रहा है। एवं संगत को गुरु जी के मार्गदर्शन पर चलने का संदेश दिया जा रहा है। गुरु पर्व के इस उपलक्ष पर पिछले 7 दिनों से प्रातः काल शहर भर में गुरु की संगत द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही हैं। इस मौके पर साध संगत प्रभात फेरी का बढ़ चढ़कर स्वागत कर संगत के बीच जलपान वितरण कर रहे हैं।

# गुरु माँ गणिनी आर्यिका 105 श्री स्वस्तिभूषण माताजी का 56वाँ अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया गया

## पिच्छी परिवर्तित, शुभकामना परिवार का 17वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**जहाजपुर (मोहम्मद आज़ाद नेब)।** चंदनबाल भवन में गुरु माँ गणिनी आर्यिका 105 श्री स्वस्तिभूषण माताजी का 56वाँ अवतरण दिवस बड़े हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे संघ की पिच्छी परिवर्तन हुई एवं शुभकामना परिवार का 17वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन भी आयोजित किया गया। भक्ति और उल्लास से भरे माहौल में भक्तों ने चंदनबाल भवन से पूज्य गुरु माँ को भव्य शोभायात्रा के रूप में पण्डाल तक पहुँचाया। पण्डाल के बाहर मंगल ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत नव्या जैन खजूरी की भजन प्रस्तुति से हुई, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद चित्र अनावरण और दीप प्रज्वलन का कार्य शुभकामना परिवार की राष्ट्रीय कार्यकारिणी, केशवराय पाटन दिगम्बर जैन मंदिर एवं स्वस्तिधाम कमेटी के सदस्यों द्वारा संपन्न हुआ। कोटा से आए भक्तों ने भक्तिमय नृत्य मंगलाचारण प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं आचार्य शांतिसागर जी महाराज के जीवन पर आधारित प्रतियोगिता का विमोचन भी किया गया।भक्ति प्रस्तुतियों में कोटा, बूंदी, कोटड़ी, जमौली, केकड़ी, आगरा, सहारनपुर, देवली, महाराष्ट्र और भीलवाड़ा आदि स्थानों से आए भक्तों ने भाग लिया। बंदरवाल एवं उत्तर के प्रथमाचार्य श्री 108 शांतिसागर जी महाराज छाणी की तस्वीर को जहाज मंदिर में सजा कर विशेष भक्ति प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता मंत्री गौतम दक, विधायक गोपीचंद मीणा एवं प्रधान कौशल किशोर शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने गुरु माँ को श्रीफल भेंट किया और समाज की विभिन्न समस्याओं तथा क्षेत्रीय व्यवस्थाओं को लेकर आश्वासन दिया। उनके कर कमलों द्वारा स्वस्तिधाम डायरी का विमोचन भी किया गया। तत्पश्चात गुरु माँ के मंगल प्रवचन हुए, जिसमें उन्होंने धर्म, संयम और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद गुरु माँ को वस्त्र भेंट, नवीन पिच्छिका भेंट एवं पाद प्रक्षालन का शुभ अवसर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र पारीक और थानाधिकारी राजकुमार नायक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित रहे। पूरा वातावरण जयकारों, भक्ति और गुरु माँ के आशीर्वचनों से गूंज उठा।









# श्री चन्द्रभागा कार्तिक पशु मेला 2025 का हुआ विधिवत उद्घाटन

## सम्पन्नता, समृद्धि व संस्कृति का पल्लवन मेले का मुख्य उद्देश्य- मुख्य अतिथि

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़,( नि.स. )।** श्री चन्द्रभागा कार्तिक पशु मेला 2025 का विधिवत उद्घाटन रविवार को रंगमंच मेला ग्राउण्ड पर उपखण्ड अधिकारी एवं मेला मजिस्ट्रेट अभिषेक चारण द्वारा फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा भूमि पूजन किया गया तथा झण्डारोहण कर मेले की शुरूआत की गई।

उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभिषेक चारण ने कहा कि मेले का मुख्य शाब्दिक अर्थ मेलजोल होता है जब एक ही स्थान पर अधिक लोगों का मिलाप होता है तो उसे मेला कहा जाता है। झालरापाटन में कई वर्षों से आयोजित किए जा रहे कार्तिक पशुमेले की बहुत अधिक मान्यता है। इसका जुड़ाव पौराणिक विधाओं एवं संस्कृति से है। उन्होंने व्यापारियों एवं आयोजकों से आग्रह करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर इस मेले का पूर्ण अनुशासन से आयोजन करना है। सम्पन्नता, समृद्धि व संस्कृति का पल्लवन मेले का मुख्य उद्देश्य है न की धन संग्रहण। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक व मेला अधिकारी डॉ. टी.ए. बन्सोड ने जानकारी देते हुए बताया कि चन्द्रभागा पशु मेला सम्पूर्ण देश में अपनी भव्यता के लिए प्रसिद्ध है। यह देश के प्रमुख 10 मेलों में से एक है। यहां न केवल राजस्थान बल्कि देश के कई अन्य राज्यों से भी पशुपालक व व्यापारी आते हैं। इसके अतिरिक्त मेले में कई देशी-विदेशी पर्यटकों भी आते हैं। मेले के दौरान पशुपालन विभाग व पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि मेले के आयोजन से अब कुल 1 करोड़ 31 लाख 16 हजार 699 रुपए के राजस्व की प्राप्ति हुई है जिसमें से करीब 13 लाख 17 हज़ार रुपए नगर पालिका झालरापाटन को विकास शुल्क के रूप में प्राप्त हुए हैं। पशुपालन विभाग द्वारा इस मेले का आयोजन 9 नवम्बर तक किया जाएगा इसके पश्चात आगामी 20 दिसम्बर तक इस मेले के आयोजन की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन द्वारा निभाई जाएगी। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक निर्मल सकलेचा, पुलिस उपाधीक्षक हर्षराज सिंह खरेड़ा, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक सिराज कुरैशी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

# सर्वजातीय एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन आज के समय की बड़ी जरूरत है-पूर्व केंद्रीय मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सर्वजातीय एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन आज के समय की बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने तथा सभी वर्गों को जागरूक करने की हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बनती है, ऐसे आयोजन निश्चित तौर पर समाज में सामाजिक एकता व जागरूकता लाने का कार्य करते हैं। सिंह व जूली रविवार को सतीश भाटिया चैरिटेबल ट्रस्ट रजि एवं श्री सार्वजनिक गौशाला के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर वधु को आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। उन्होंने नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन दहेज मुक्त परंपरा को जहां बढ़ावा देते हैं वहीं सामाजिक एकजुटता का परिचय भी देते है।उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के ऐसे समागम फिजूल खर्ची पर रोकथाम लगाते है, ऐसे आयोजनों को बढ़ावा दिए जाने की आज बेहद आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा अनूठा विवाह जहां विभिन्न जातियों के वर वधु परिणय सूत्र में बंधकर एक दूजे के हुए, ऐसे आयोजन के माध्यम से सामाजिक समरसता, सादगी और समर्पण का दृश्य देखने को मिला। उन्होंने कहा कि जहां आधुनिकता के चलते लोग लाखों रुपए विवाह पर खर्च कर देते हैं वहीं इस सर्वजातीय विवाह ने सादगी का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन करने वाली संस्थाओं की भूमिका की जितनी सराहना की जाए उतनी ही कम है, साथ ही ऐसे समारोह में सहयोग देने से संपन्न लोगों में समर्पण का भाव जागता है, उन्होंने कहा कि समाज के लिए समर्पित और इस अनुकरणीय पहल की हम सभी को आगे बढ़कर पहल करनी चाहिए। सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, ट्रस्ट के सतीश भाटिया, अजय अग्रवाल, उमरदीन खान, हिम्मत सिंह चौधरी,विश्राम गुर्जर, सिद्धार्थ व्यास, राहुल पटेल, अभय सैनी उपस्थित रहे।






## सम्पादकीय

# भारतीय सेवा क्षेत्र का विरोधाभास

सेवा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख वाहक है। इस क्षेत्र में करीब 18.8 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है और यह सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में करीब 55 फीसदी का योगदान करता है। इस क्षेत्र के रोजगार के रुझानों और जीवीए से संबंधित नीति आयोग की दो रिपोर्ट बताती हैं कि सेवा क्षेत्र के सुर्खियों वाले आंकड़ों से परे इसमें विरोधाभास की एक कहानी भी छिपी हुई है। बीते छह साल में इस क्षेत्र में 4 करोड़ रोजगार जुड़े और यह निर्माण क्षेत्र के साथ देश में सबसे अधिक कामगारों की खपत वाला क्षेत्र बनकर उभरा।

हालांकि कोविड के बाद इस क्षेत्र की रोजगार प्रत्यास्थता (जो दर्शाती है कि आर्थिक वृद्धि किस हद तक नौकरियों में परिवर्तित होती है) तेजी से बढ़कर 0.63 हो गई है। इसके बावजूद यह पुनरुद्धार विरोधाभासी वास्तविकताओं को छिपाए हुए है। सूचना प्रौद्योगिकी (प्रत्यास्थता 0.88), वित्त (प्रत्यास्थता 0.95), स्वास्थ्य देखभाल (प्रत्यास्थता 0.94) और परिवहन (प्रत्यास्थता 0.89) जैसे उच्च-मूल्य वाले क्षेत्र डिजिटलीकरण, प्लेटफॉर्म आधारित अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक मांग के कारण फल-फूल रहे हैं। लेकिन ये उप-क्षेत्र कामकाजी वर्ग के केवल एक छोटे हिस्से को ही रोजगार प्रदान करते हैं। इसके विपरीत, व्यापार, शिक्षा और व्यक्तिगत सेवाएं जो पारंपरिक रूप से रोजगार की स्तंभ रही हैं, श्रम-प्रधान तो बनी हुई हैं, लेकिन इनमें नौकरियां देने की क्षमता कमजोर होती जा रही है। दूरसंचार (0.79 ऋणात्मक) और बीमा (1.31 ऋणात्मक) जैसे उप-क्षेत्रों में लगातार ऋणात्मक प्रत्यास्थता दर्ज की गई है, जो यह दर्शाता है कि इन क्षेत्रों में पूंजी-प्रधान विकास हो रहा है, जो नौकरियां उत्पन्न करने के बजाय उन्हें प्रतिस्थापित कर रहा है।

वृद्धि और रोजगार की यह असंगति ही भारतीय सेवा उद्योग की कहानी को परिभाषित करती नजर आ रही है। आधुनिक सेवाएं पूंजी गहनता वाली हैं। इनकी उत्पादकता अधिक है लेकिन इनमें सीमित रोजगार तैयार होते हैं। पारंपरिक सेवाएं श्रम-प्रधान हैं लेकिन कम मूल्य वाली हैं और आजीविका को बनाए रखती हैं। इसका नतीजा एक विशाल नदारद 'मध्यम वर्ग' के रूप में निकलता है। यानी उच्च वर्ग की वैश्विक रूप से जुड़ी नौकरियों और करोड़ों अनौपचारिक सेवा आधारित आजीविकाओं के बीच एक अंतर जिनमें स्थिरता या सामाजिक सुरक्षा का अभाव है। सेवा क्षेत्र के लगभग 87 फीसदी कामगार औपचारिक सुरक्षा तंत्र से बाहर हैं, और शिक्षित लोगों में भी अनौपचारिकता बनी हुई है। लैंगिक यानी स्त्री-पुरुष का अंतर भी उतना ही चौंकाने वाला है।

ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 10.5 फीसदी महिलाएं सेवा क्षेत्र में कार्यरत हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 60 फीसदी है। ग्रामीण महिलाएं प्रतिदिन केवल लगभग 213 रुपये कमाती हैं, जो पुरुषों के पगार का आधा भी नहीं है। हालांकि, सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे कुछ क्षेत्रों में महिलाएं आमतौर पर पुरुषों से अधिक कमाती हैं। यह भारत के श्रम बाजार में समानता का एक दुर्लभ उदाहरण है। भू-राजनीतिक रूप से भारत का सेवा क्षेत्र देश की व्यापक आर्थिक असमानता को ही दर्शाता है। कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु उच्च मूल्य वाली सेवाओं मसलन सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त और अचल संपत्ति में दबदबा रखते हैं। बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश पारंपरिक कम उत्पादकता वाली गतिविधियों मसलन खुदरा और व्यापार के क्षेत्र में सक्रिय हैं।

# विकसित भारत 2047 : करुणा, सह-अस्तित्व और पर्यावरणीय नैतिकता का नया घोष

डॉ. प्रियंका सौरभ



भारत जब अपने स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 की ओर बढ़ रहा है, तो यह केवल आर्थिक विकास का लक्ष्य नहीं, बल्कि एक नैतिक, संतुलित और मानवीय समाज के पुनर्निर्माण का संकल्प भी है। परंतु यह संकल्प तभी सार्थक होगा जब विकास का आधार केवल मनुष्य नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि के कल्याण पर टिका हो। आज जब विकसित भारत की बात होती है, तो उसका दायरा उद्योग, प्रौद्योगिकी, अवसंरचना और आय वृद्धि तक सीमित दिखाई देता है। परंतु एक सच्चा विकसित राष्ट्र वह होगा, जहाँ करुणा, सह-अस्तित्व और दया जैसे मानवीय गुण नीतियों और योजनाओं की आत्मा बनें।

भारत का संविधान इस दृष्टि का पथप्रदर्शक है। अनुच्छेद 48(क) राज्य को पर्यावरण और वन्य जीवों की रक्षा करने का निर्देश देता है, जबकि अनुच्छेद 51(क)(छ) प्रत्येक नागरिक का यह मूल कर्तव्य बताता है कि वह जीवित प्राणियों के प्रति करुणा रखे। ये प्रावधान केवल क़ानूनी नियम नहीं, बल्कि उस सभ्यतागत विचारधारा की पहचान हैं जो अहिंसा, दया और वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांतों पर आधारित है। भारत की संस्कृति सदियों से यह सिखाती आई है कि सृष्टि में हर जीव का अपना सम्मान, उद्देश्य और अधिकार है। फिर भी, आधुनिक विकास की दौड़ में पशु कल्याण का स्थान कहीं पीछे छूट गया है।

औद्योगिकीकरण, नगरीकरण और अंधाधुंध उपभोग की होड़ ने न केवल प्राकृतिक संसाधनों को प्रभावित किया है, बल्कि असंख्य पशु प्रजातियों के अस्तित्व को भी संकट में डाल दिया है। गिद्धों की घटती संख्या, हाथियों और तेंदुओं के आवासों का सिकुड़ना, समुद्री जीवों पर प्रदूषण का प्रभाव — ये सब इस असंतुलन के द्योतक हैं। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति विलुप्त होती है, तो उसका प्रभाव पूरे पर्यावरण और मानव जीवन पर पड़ता है। विकास के नाम पर जब हम जंगलों को काटते हैं, नदियों को प्रदूषित करते हैं और जानवरों के प्राकृतिक निवास को नष्ट करते हैं, तो यह केवल प्रकृति का नुकसान नहीं बल्कि स्वयं मानवता की जड़ों को कमजोर करना है। इसलिए आवश्यक है कि भारत का विकसित भारत 2047 का दृष्टिकोण केवल मनुष्य की भौतिक समृद्धि पर न टिके, बल्कि सभी प्राणियों के कल्याण को अपना मूल ध्येय बनाए।पशु कल्याण को भारत के विकास दृष्टिकोण में शामिल करना केवल संवेदनशीलता का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह स्थायी विकास की शर्त है। भारत के ग्रामीण जीवन में पशुधन अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। करोड़ों परिवार पशुओं से प्राप्त दूध, ऊन, अंडे और अन्य उत्पादों पर निर्भर हैं। यदि इन पशुओं की देखभाल, आहार, स्वास्थ्य और व्यवहारिक सम्मान का ध्यान रखा जाए, तो उत्पादकता बढ़ेगी और ग्रामीण आय में स्थायित्व आएगा। मानवीय पशुपालन और संसाधनों के



संतुलित उपयोग से भूमि की उर्वरता, जल की गुणवत्ता और पर्यावरण की स्थिरता को भी लाभ होता है।इसके साथ ही, पशु कल्याण का संबंध जनस्वास्थ्य से भी प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। कोविड महामारी और निपाह वायरस जैसी घटनाओं ने यह प्रमाणित किया है कि पशु स्वास्थ्य, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण ये तीनों एक दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। यदि किसी एक क्षेत्र में असंतुलन होता है, तो उसका प्रभाव बाकी दोनों पर पड़ता है। इसीलिए आवश्यक है कि पर्यावरण, कृषि और स्वास्थ्य मंत्रालय मिलकर एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण की भावना को नीति स्तर पर लागू करें। पशु कल्याण के दृष्टिकोण को शिक्षा, शहरी नियोजन, और उद्योग में भी स्थान मिलना चाहिए। विद्यालयों के पाठ्यक्रम में यदि सभी जीवों के प्रति करुणा और सह-अस्तित्व के मूल्य सिखाए जाएँ, तो आने वाली पीढ़ियाँ स्वभावतः संवेदनशील बनेंगी। शहरी योजनाओं में वन्यजीव गलियारे, सड़कों पर पशु-पार मार्ग और आवारा पशुओं के लिए मानवीय व्यवस्था शामिल की जानी चाहिए। दिल्ली-मुंबई राजमार्ग पर वन्यजीवों के लिए बनाए गए मार्ग इस दिशा में प्रेरक उदाहरण हैं।भारत को अपने पुराने पशु संरक्षण कानूनों को भी अद्यतन करना चाहिए।

पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 को समयानुकूल संशोधन की आवश्यकता है ताकि दंडात्मक प्रावधान कठोर हों और उनका प्रभाव वास्तविक रूप से दिखाई दे। इसके अतिरिक्त, पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार और वैज्ञानिक देखरेख से पशुधन की गुणवत्ता में सुधार संभव है।तकनीकी नवाचार भी इस क्षेत्र में सहायक हो सकते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी, उपग्रह मानचित्रण और इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा प्रणालियाँ वन्यजीव संरक्षण में क्रांतिकारी भूमिका निभा रही हैं। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में ई-निगरानी प्रणाली ने शिकार की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी की है। यह इस बात का प्रमाण है कि विज्ञान और करुणा का संयोजन हमारे पर्यावरण और जीवों के संरक्षण में सबसे प्रभावी उपाय बन सकता है। पशु आधारित उद्योगों जैसे दुग्ध, चमड़ा और वस्त्र में क्रूरता रहित उत्पादन को बढ़ावा देने से न केवल नैतिक व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। उपभोक्ताओं के बीच भी यह जागरूकता फैलानी होगी कि नैतिक उत्पादों का चयन एक सामाजिक उत्तरदायित्व है। भारतीय दर्शन अहिंसा परमो धर्मः और सर्वे भवन्तु सुखिनः केवल धार्मिक वाक्य नहीं हैं, बल्कि स्थायी जीवन का सूत्र हैं। मिशन जीवनशैली (जो पर्यावरण-अनुकूल जीवन अपनाने पर बल देता है) के साथ यदि पशु कल्याण को भी जोड़ा जाए, तो भारत एक ऐसे राष्ट्र के रूप में उभरेगा जो विकास को करुणा के साथ जोड़ता है।

विकसित भारत का अर्थ तब ही सार्थक होगा जब विकास के पैमाने में केवल उत्पादन या आय नहीं, बल्कि नैतिकता, संवेदनशीलता और सह-अस्तित्व भी शामिल हों। हमें यह स्वीकार करना होगा कि इस पृथ्वी पर मनुष्य अकेला स्वामी नहीं है। हर जीव, चाहे छोटा हो या बड़ा, जीवन की शृंखला का एक आवश्यक हिस्सा है। सर्व भूत हित की भावना अर्थात् सभी प्राणियों के कल्याण की भावना — भारत की आत्मा में सदैव विद्यमान रही है। इसी भावना को आधुनिक नीति, प्रौद्योगिकी और शिक्षा में एकीकृत करने की आवश्यकता है। जब भारत इस दिशा में आगे बढ़ेगा, तभी वह न केवल समृद्ध, बल्कि सच्चे अर्थों में सभ्य और संवेदनशील राष्ट्र कहलाएगा। विकसित भारत 2047 का वास्तविक अर्थ यही होगा एक ऐसा भारत जो प्रगति के साथ करुणा को, विज्ञान के साथ संवेदना को, और विकास के साथ नैतिकता को लेकर चले। यही होगा उस स्वर्णिम युग का आरंभ, जहाँ हर प्राणी सुरक्षित, सम्मानित और सुखी होगा। विकसित भारत का स्वप्न तभी साकार होगा जब हम यह समझेंगे कि विकास का असली पैमाना करुणा और नैतिकता है। जब भारत अपने विकास के पथ पर सभी प्राणियों को साथ लेकर चलेगा, तभी वह विश्वगुरु कहलाने का अधिकार पाएगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
अपने स्वभाव में जिद्दीपन छोड़ दें। नौकरीपेशा लोग चिंतित रह सकते हैं। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। स्वजनों से भेंट या उपहार मिल सकता है।

**वृष**
आनंददायी प्रवास संभव होगा। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। आज का दिन आपके लिए कठिनाई भरा हो सकता है। परिजनों के साथ बहस होगी। किसी से उग्र व्यवहार के कारण मन दुखी हो सकता है।

**मिथुन**
विदेश या कहीं दूर से अच्छे समाचार मिलने के योग हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता छलकेगी। आकस्मिक धन लाभ होगा। आज आप का दिन बहुत अच्छा गुजरने वाला है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

**कर्क**
साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों पर विजय मिलेगी। आज का दिन आपके लिए थोड़ी सावधानी रखने का है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा नहीं है। सुखमय प्रसंग बनेगा।

**सिंह**
समाज में मान-सम्मान मिलेगा। आज आप का मनोबल कमजोर रहेगा। किसी निर्णय पर जाना कठिन हो सकता है। नए काम की शुरुआत ना करें और महत्वपूर्ण निर्णय आज न लें। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है।

**कन्या**
वाणी पर संयम रखना पड़ेगा। मन के आवेश पर अंकुश रखना पड़ेगा। दुर्घटना से संभलना होगा। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। कहीं आकस्मिक धन खर्च होगा। मित्रों, संबंधियों से की गई भेंट से आपका दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा।

**तुला**
घर में स्वजनों के साथ गलतफहमी हो सकती है। माता के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। घर की महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सरकारी तथा संपत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण पत्रों पर सही या मुहर लगाने में सावधानी रखें।

**वृश्चिक**
आप का आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अनूठी अनुभूति कराने वाला रहेगा। आपको रहस्यमयी विद्या आपको आकर्षित करेगी। दूसरों के प्रति नफरत की भावना पर संयम रखें। नए काम की शुरुआत ना करें।

**धनु**
मानसिक अशांति और उद्वेग आपके मन पर छाया रहेगा। खिन्नता रहेगी। पेट दर्द, अजीर्ण से आप परेशान रहेंगे। आकस्मिक धन खर्च होगा। प्रिय दोस्त आपके दिल को चोट पहुंचा सकते हैं। आज यात्रा, प्रवास टाल दें।

**मकर**
आज आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के लोगों के साथ अधिक समय गुजरेगा। सामाजिक जीवन में आप सफलता और यश प्राप्त कर पाएंगे।

**कुंभ**
आर्थिक लाभ की संभावना है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। काम में यश की प्राप्ति होगी। मित्रों से मुलाकात होगी। रुके हुए काम आसानी से बन पाएंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। व्यर्थ उग्रता को टालें, नहीं तो काम बिगड़ सकता है।

**मीन**
किसी भी काम में सोच-समझकर आगे बढ़ें। भाई-बहनों के साथ प्यार भरा संबंध बना रहेगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रत्येक काम में सफलता मिलने की संभावना है। आर्थिक लाभ की संभावना भी अधिक है। आज का दिन शुभ फलदायी है।

## आज का इतिहास

- 644 – ईसा पश्चात् – दूसरे मुस्लिम खलीफा उमर इब्न अल खत्ताब की मदीना में एक फारसी गुलाम ने हत्या कर दी।
- 1394 – फ्रांस के सम्राट चार्ल्स षष्ठम ने यहूदियों को फ्रांस से बाहर खदेड़ दिया।
- 1493 – क्रिस्टोफर कोलंबस ने डोमिनिका द्वीप की खोज की।
- 1655 – इंग्लैंड और फ्रांस ने सैन्य और आर्थिक समझौतों पर हस्ताक्षर किये।
- 1762 – ब्रिटेन और स्पेन के बीच पेरिस की संधि हुई।
- 1796 – जॉन एडम्स अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गये।
- 1857 – नानाराव की मथुरा स्थित संपत्ति को ध्वस्त करने के लिये के आदेश-
- 1869 – कनाडा में हैमिल्टन फुटबॉल क्लब अस्तित्व में आया।
- 1903 – पनामा को कोलंबिया से आजादी मिली।
- 1938 – 'असम हिन्दी प्रचार समिति' नामक एक संस्था कायम की गई।
- 1948 – भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना पहला भाषण दिया।
- 1958 – तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1962 – चीन के हमले के मद्देनजर भारत में गोल्ड बॉन्ड स्कीम की घोषणा की गयी।
- 1984 – भारत में सिख विरोधी दंगों में तीन हजार से ज्यादा लोग मारे गए।
- 1988 – वायु सेना ने आगरा से एक पैराशूट बटालियन समूह को लिया।
- भारतीय सशस्त्र सेना ने मालदीव में हुए एक सैन्य विद्रोह को दबाने में वहाँ की सरकार की सहायता के लिए एक अभियान शुरू किया।
- 1997 – जी-15 समूह का सातवां शिखर सम्मेलन कुआलालम्पुर में प्रारम्भ।
- 2000 – भारत सरकार द्वारा डायरेक्ट टू होम प्रसारण सेवा सभी के लिये शुरू की गयी।
- 2001 – अमेरिका ने लश्कर व जैश-ए-मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाया।
- 2002 – नखोम पाथोम की बैठक में लिट्टे ने राजनीति की मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की।
- 2003 – पाकिस्तान और चीन के बीच बीजिंग में आठ समझौतों पर हस्ताक्षर।
- 2006 – भारत बेल्जियम के साथ सामाजिक सुरक्षा गारंटी पर समझौता हुआ।
- 2007 – पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की प्रमुख बेनजीर भुट्टो को उनके घर में नजरबन्द किया गया।
- पाकिस्तान में परवेज मुशर्रफ ने संविधान को रद्द कर और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर आपातकाल की घोषणा की।
- 2008 – यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया ने अपनी उधारी दरों में 0.5 प्रतिशत की कमी की।
- 2011 – फ्रांस के कैन्स में जी-20 शिखर सम्मेलन शुरू हुआ जिसमें यूरोजोन ऋण संकट पर चर्चा की गई।
- 2014 – अमेरिका में आतंकवादी हमले में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर गिराये जाने के 13 साल बाद उसी जगह पर एक वर्ल्ड ट्रेड सेंटर खोला गया।

## लघु कथा

# जैसा करोगे वैसा भरोगे

एक बार की बात है भीष्म पितामह रास्ते से गुजर रहे थे तो उन्होंने एक गिरगिट को तड़पते हुए देखा। यह देखकर उन्होंने गिरगिट पर दया दिखाते हुए अपने बाण से उस गिरगिट को एक किनारे कर दिया। दरअसल उन्होंने गिरगिट को रास्ते से तो किनारे कर दिया था लेकिन वह गिरगिट जाकर कांटों पर गिर गया था। इसी का परिणाम यह हुआ कि भीष्म पितामह को अपनी जिंदगी का अंतिम समय बाणों की सैय्या पर बिताना पड़ा और बाणों की सैय्या पर ही उन्होंने अपने जीवन का त्याग उसी गिरगिट की तरह ही कर दिया, इसीलिए कहा गया है कि जैसा आप कर्म करते हैं वैसा ही



आपका भाग्य बनता है। अगर आप अच्छा भाग्य और जिंदगी चाहते हैं तो कर्म भी उसी प्रकार से कीजिए। वास्तव में भाग्य आपके कर्म का एक दर्पण ही है।

## विशेष आलेख

# भारत-अमेरिका रक्षा समझौता: 10 वर्षीय साझेदारी के नए आयाम

प्रो. आर.के. जैन



हिंद महासागर की अथाह गहराइयों में, जहां हर लहर वैश्विक शक्ति-संतुलन की कहानी कहती है, वहीं भारत और अमेरिका का नया रक्षा समझौता एक उदित सूर्य की भांति प्रकट हुआ है जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता, सुरक्षा और सामर्थ्य की अविचल आभा बिखेर रहा है। 31 अक्टूबर को कुआलालंपुर में आयोजित आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने 'यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' पर हस्ताक्षर किए। यह दस वर्षीय समझौता केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक रणनीतिक क्रांति है — जो भूमि, समुद्र, वायु, अंतरिक्ष और साइबर के हर क्षेत्र में सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह साझेदारी 2015 के पुराने ढांचे को पीछे छोड़ते हुए एक मुक्त, समतामूलक और नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता का द्योतक है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस पहल को द्विपक्षीय संबंधों का अटल रक्षा स्तंभ बताया, वहीं हेगसेथ के शब्दों में भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी अब अभूतपूर्व ऊँचाइयों पर पहुँच चुकी है। यह महत्त्वपूर्ण समझौता न केवल रणनीतिक समीकरणों को नई दिशा और गति प्रदान करेगा, बल्कि आने वाले दशक में वैश्विक शक्ति-संतुलन की धुरी को भी पुनर्परिभाषित करेगा। इस ऐतिहासिक साझेदारी की जड़ें 1995 तक जाती हैं, जब भारत और अमेरिका ने पहली बार रक्षा सहयोग की दिशा में कदम बढ़ाया था। समय के साथ यह संबंध और प्रगाढ़ हुआ—2016 का लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (लेमोआ) और 2020 का बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बेका) इस विश्वास की मजबूत नींव बने। अब यह नया फ्रेमवर्क सैन्य अंतरसंचालनीयता, सूचना साझेदारी, और तकनीकी नवाचार को नई गति देगा। तथ्य स्वयं बोलते हैं—भारत ने पिछले दशक में अमेरिका से 22 अरब डॉलर से अधिक के रक्षा उपकरण खरीदे हैं, जिनमें सी-17 ग्लोबमास्टर, पी-8आई पोसाइडन, और अपाचे हेलीकॉप्टर जैसे अत्याधुनिक हथियार शामिल हैं। यह समझौता न केवल रणनीतिक विश्वास को गहरा करता है, बल्कि 'मेक इन इंडिया' को भी नई ऊर्जा प्रदान करता है। उदाहरणस्वरूप, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और जीई एयरोस्पेस के बीच एफ-414 जेट इंजन का संयुक्त उत्पादन 2026 तक शुरू होगा यह भारत की रक्षा स्वावलंबन यात्रा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। अमेरिकी पेंटागन के अनुसार, मालाबार और टाइगर ट्रायम्फ जैसे संयुक्त सैन्य अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच तालमेल और विश्वास को और प्रगाढ़ करेंगे जो क्षेत्रीय संतुलन और निवारण का दृढ़ आधार बनेंगे। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता विशेषकर दक्षिण चीन सागर और ताइवान जलडमरूमध्य में के बीच यह समझौता एक सशक्त संतुलनकारी शक्ति के रूप में उभरता है। अमेरिकी रक्षा सचिव हेगसेथ ने चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून से भेंट के दौरान इसे क्षेत्रीय स्थिरता का कोरस्टोन करार दिया, जो इसके रणनीतिक महत्व को स्पष्ट करता है। यह नया फ्रेमवर्क रक्षा सहयोग को केवल सीमित दायरे में नहीं रखता, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन तकनीक, और साइबर सुरक्षा जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में साझेदारी को प्राथमिकता देता है। इंडस-एक्स जैसे मंच भारत-अमेरिका के स्टार्टअप्स और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को जोड़ते हुए स्वदेशी उत्पादन और रोजगार सृजन को नई उड़ान देंगे — अनुमानतः लाखों नई नौकरियां उत्पन्न होंगी। इस सहयोग की बुनियाद पहले ही रखी जा चुकी थी — 2016 में भारत को मेजर डिफेंस पार्टनर का दर्जा और 2018 में स्ट्रैटेजिक ट्रेड ऑथराइजेशन (एसटीए टियर-1) की मान्यता ने इसे संस्थागत मजबूती दी। आज यह साझेदारी केवल सैन्य तालमेल का प्रतीक नहीं, बल्कि आर्थिक समृद्धि और तकनीकी स्वावलंबन का भी आधार बन रही है, जो भारत को आने वाले वर्षों में वैश्विक रक्षा नवाचार का केंद्र बना देगी। चुनौतियाँ भी कम नहीं रहीं। अगस्त 2025 में ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय आयात पर 50त्न तक टैरिफ वृद्धि ने दोनों देशों के संबंधों में तनाव पैदा किया। इसके जवाब में भारत ने अमेरिकी रक्षा खरीद को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया। साथ ही, रूस से तेल आयात को लेकर वाशिंगटन की आलोचना ने स्थिति को और पेचीदा बना दिया। इन नीतिगत मतभेदों के कारण लगभग 48 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका थी, जिसके चलते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की वाशिंगटन यात्रा रद्द करनी पड़ी। फिर भी, भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग इन अस्थायी विवादों से ऊपर उठा। 27 अक्टूबर को विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की कुआलालंपुर में हुई मुलाकात ने संबंधों में नए सिरे से विश्वास और संवाद का द्वार खोला।

अक्टूबर में अमेरिका द्वारा रूस की तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद भारत ने रूसी तेल आयात घटाकर 1.8 मिलियन बैरल प्रतिदिन से कम कर दिया। परिणामस्वरूप, भारतीय रिफाइनरियों की अमेरिकी कच्चे तेल पर निर्भरता 2022 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुँच गई। दक्षिण कोरिया की अपनी यात्रा के दौरान ट्रंप ने यह संदेश दिया कि, भारत के साथ निष्पक्ष व्यापार समझौता हमारी प्राथमिकता है। यह बयान संकेत देता है कि मतभेदों के बावजूद भारत-अमेरिका साझेदारी का सामरिक व आर्थिक भविष्य सशक्त और दीर्घकालिक है। यह दस वर्षीय रणनीतिक फ्रेमवर्क केवल एक समझौता नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाली घोषणा है — जिसकी गूंज वैश्विक मंचों पर सुनाई देगी। 2+2 मंत्रिस्तरीय संवाद के माध्यम से भारत और अमेरिका अब जलवायु परिवर्तन, साइबर युद्ध, और हाइपरसोनिक हथियारों जैसे उभरते खतरों का संयुक्त रूप से सामना करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह समझौता क्वांटम कंप्यूटिंग, स्वायत्त प्रणालियों, और उन्नत रक्षा तकनीकों के क्षेत्र में साझेदारी का नया अध्याय खोलेगा। यह साझेदारी भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' और 'एक्ट ईस्ट' नीतियों को अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति से इस तरह जोड़ती है कि क्षेत्रीय और वैश्विक हितों की एक नई धारा प्रवाहित होती दिखती है।



# मानव सौहार्द और विश्व बंधुत्व का अनूठा दृश्य 78 वा निरंकारी संत समागम

## परमात्मा के एहसास से सरल होगा आत्म मंथन-सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** आत्म मंथन केवल साधारण सोचने की प्रक्रिया नहीं बल्कि अपने भीतर झांकने की साधना है जो परमात्मा के एहसास से सरल हो सकती है यह उदगार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 78 वे में वार्षिक निरंकारी संत समागम के दूसरे दिन उपस्थित विशाल मानव परिवार को संबोधित करते हुए व्यक्त किया इस चार दिवसीय संत समागम में देश-विदेश के लाखों संख्या में मानव परिवार एकत्रित हुआ. सदगुरु माताजी ने उदारण द्वारा समझाया कि जिस तरह किसी भी स्टेशन के कुछ पॉइंट्स पर हमारी आवाज टकराकर उन पहाड़ों पर अथवा वहां की अन्य वस्तुओं पर कोई भी प्रभाव ना डालते हुए प्रतिध्वनि के रूप में लौटकर वापस आ जाती है उसी प्रकार हम दूसरों से जैसा व्यवहार करते हैं उसका हमारे व्यवहार से उस व्यक्ति के ऊपर कोई प्रभाव हुआ अथवा नहीं यह अलग बात है पर परिणाम स्वरुप हमें उसकी प्रतिक्रिया का सामना अवश्य करना पड़ता है इसलिए हमारा व्यवहार इस तरह का हो कि जिसकी प्रतिक्रिया हमारे लिए सुखदायी हो इसके पूर्व आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी ने समागम में अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक क्षेत्र में परमात्मा के बारे में अलग-अलग दृष्टिकोण देखने सुनने को मिलते हैं वास्तव में परमात्मा एक ऐसा सत्य है जो पहले भी सत्य था, आज भी सत्य है और आगे भी सत्य ही रहे।

### निरंकारी प्रदर्शनी

संत समागम में आधुनिक तकनीक एवं लाइट्स आदि का इस्तेमाल करते हुए अत्यंत आकर्षक बनाई गई निरंकारी प्रदर्शनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निरंकारी प्रदर्शनी में मुख्य प्रदर्शनी बाल प्रदर्शनी एवं संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की प्रदर्शनी इस तरह तीन भाग बनाए गए हैं मुख्य प्रदर्शनी में मिशन का इतिहास सतगुरु माताजी एवं आदरणीय निरंकारी राज पिताजी की मानव कल्याण यात्राएं इत्यादि का बुरा प्रस्तुत किया गया है । सतगुरु माता जी ने अंत में कहा कि आत्म मंथन वास्तव में स्वयं के सुधार का मार्ग है जब मन निरंकार से जुड़ता है तो भीतर की शांति और बाहर का व्यवहार दोनों दिव्यता से भर जाते हैं ।

# बाबा श्याम के जन्मोत्सव,पाटोत्सव पर हुआ भव्य भजन संध्या का आयोजन, श्याम भक्तों ने सजाया आलोकिक दरबार

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन ( नि.स. )।** कार्तिक शुक्ल एकादशी पर बाबा श्याम के जन्मोत्सव पाटोत्सव पर श्याम भक्तों द्वारा जगह-जगह भजन संध्या वह दरबार सजा गए उसी क्रम में झालरापाटन में बंशीवाला श्री श्याम मंदिर विकास समिति के तत्वाधान में बाबा श्याम के नव निर्माणधीन मंदिर स्थल पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में शहर वासी श्याम भक्त मौजूद रहे। समिति द्वारा बाबा श्याम के दरबार को अलौकिक रूप दिया गया वही छप्पन पकवानों का भोग लगाया , छप्पन तरह के पकवान श्याम प्रेमी भोग के लिए घर से बनाकर लाए। भजन संध्या में पधारे भजन प्रवाहक मनीष अवाना, मनोज भैया एवं भरत बना द्वारा श्याम बाबा के मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई। मनोज भैया द्वारा गणेश वंदना से भक्तिधारा की शुरुआत की। मनीष अवाना द्वारा कार्तिक आया रे छाई मस्त बहार, बालाजी महाराज व श्याम बाबा के भजन अपने स्वर से बाबा को रिझाया । वहीं भजन गायक मनोज भैया ने भजन जब बिन बोले मिलता तो मांग कर क्या मांगे, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है, सुनाकर आयोजन को आनंदमय कर दिया वही झालावाड़ से पधारे भजनगायक भरत बना के द्वारा गाए भजन सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए है, दुनिया से में हारा तो आए तेरे द्वार यहां से में हारा तो कहा जाऊंगा सरकार, बांस की बांसुरिया पर घने इतराओ, अज़्माल रो कंवर नेहतर रा भंवर आदि भजनों पर सभी भक्तों को थिरकने पर मजबूर कर दिया.


'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ



ओम प्रकाश खाती
'ए' क्लास कॉन्ट्रेक्टर
Registered
'A' Class contractor
Ravta (Darra Mataji), P.O.-Rajmahal, Tehsil-Deoli (Tonk)
Mob. 9414992078, 9829749504

हमारी एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं'
'सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब '
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।



'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं
श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और
ढेर सारी बधाईयाँ
एस. एल.
देवली
स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत
हमारी एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं'
'सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब '
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।



'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ
मानव धर्म शिक्षण संस्थान
पनवाड़ रोड, एन एच-12 के पास, देवली (टोंक)



निदेशक
रणवीर सिंह चौहान
M.ed (IDD) B.A,B.Sc
Cource:- B.E.D(MR/IDD HI)
हमारी एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं'
'सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब '
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव वर्ष के तहत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जन-जन तक पहुंचा लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेशभर में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवम्बर 2025 तक जनजातीय गौरव वर्ष के तहत विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारम्भ हुई है। राज्य सरकार द्वारा यह आयोजन भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों, संघर्ष और योगदान को जन-जन तक पहुँचाने के साथ-साथ समाज के वंचित वर्गों को योजनाओं का लाभ पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार रविवार को जिले के सभी उपखण्डों में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना रहा। ई-मित्र केन्द्रों पर जिला प्रशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आयोजित विशेष शिविरों में कुल 6 हजार 591 पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि शिविरों में लाभार्थियों के बैंक खाते खुलवाने, बीमा सुरक्षा कार्ड वितरण, पेंशन योजनाओं में नामांकन और आधार प्रमाणीकरण जैसी सेवाएं मौके पर ही उपलब्ध कराई गईं। जिले के विभिन्न उपखण्डों में लाभार्थियों की संख्या जयपुर शहर में 1,273, आमेर में 198, आंधी में 272, बस्सी में 337, चाकसू में 623, दूदू में 129, गोविंदगढ़ में 519, जालसू में 259, जमवारामगढ़ में 142, झोटवाड़ा में 272, जोबनेर में 246, किशनगढ़ रेनवाल में 129,



कोटखावदा में 103, माधोराजपुरा में 90, मौजमाबाद में 64, फागी में 155, सांभर में 194, सांगानेर में 233, शाहपुरा में 246 एवं तुंगा में 285 रही। मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा ने बताया कि शिविरों में नागरिकों का उत्साहपूर्ण सहभाग रहा तथा ई-मित्र संचालकों एवं विभागीय अधिकारियों ने लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी एवं दस्तावेज़ी सहयोग प्रदान किया।

# बहज निवासी लबली कुंतल ने राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

## यदि सरकार मुझे रिकब दिलाए तो में ओलंपिक प्रतियोगिता में तीरंदाजी में जीत सकती देश के लिए पदक- लवली

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** कहते हैं जब पूरी शिद्दत से किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास करता है तो वह अपने लक्ष्य को आखिर हासिल कर ही लेता है । ऐसा ही अपने जज्बे और हौसले से पंजाब के भटिंडा में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेल प्रतियोगिता में तीरंदाजी इंडियन में गोल्ड मैडल जीत कर डीग के गांव बहज निवासी होनहार महिला तीरंदाज लवली कुंतल ने कर दिखाया है। लबली के पिता थान सिंह कुंतल कृषक है। रविवार को अपने गांव बहज पहुंचने पर लवली कुन्तल का ग्रामीणों ने सरपंच सुभाष बाबू के साथ माला व साफा पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया । लवली कुन्तल ने बताया कि मैं अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा बुद्ध सागर और अपने कोचों को देना चाहती हूं।मेरे दादा मुझे मेरे लक्ष्य को हासिल कराने के लिए सदा मुझे प्रेरित करते रहते थे। जबकि सवाई मान सिंह स्टेडियम में मेरे ओलंपियन रह चुके प्रशिक्षकों ने मुझे प्रशिक्षण और सही मार्गदर्शन देकर मुझे इसके लिए तैयार किया। लबली का सपना ओलंपिक में भाग लेकर देश के लिए पदक जीतना है।




लेकिन इसके लिए मुझे तीरंदाजी रिकब की तैयारी करनी होगी । जिसके के लिए मुझे रिकब ( विदेशी धनुष) की आवश्यकता है जिसकी कीमत लगभग साढ़े 5 लाख रूपये है।यदि सरकार इसमें मेरी सहायता करे तो में अपना सपना साकार कर सकती हूं।

# पुलिस पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, खाली हाथ लौटना पड़ा

## गांव में आरोपी की ट्रॉली लेने पहुंची थी, 4 दिन पहले ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर के मालाखेड़ा के खरकड़ी गांव में शनिवार रात को पुलिस के खिलाफ गांव के लोगों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिसकर्मियों को वहां से ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर दबे पांव निकलना पड़ा। असल में 27 अक्टूबर को खरकड़ी गांव के बीरबल राजपूत की ट्रैक्टर की टक्कर से मौत हो गई थी। उसके बाद शनिवार रात को ट्रॉली दिलाने के लिए पुलिस गांव में गई थी। लेकिन ग्रामीणों ने गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि अभी ट्रैक्टर का ड्राइवर कृपाल सिंह अरेस्ट नहीं हुआ है और पुलिस ट्रॉली लेने आ गई। ग्रामीणों के गुस्से को देख पुलिस को ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर गांव से लौटना पड़ा। इस मामले की जांच एएसआई दयाराम चौधरी कर रहे हैं। वहीं एएसआई राजेंद्र कुमार रात को गांव में गए थे। गांव के लोगों ने बताया कि 27 अक्टूबर को खरकड़ी गांव में कृपाल सिंह के ट्रैक्टर ने बीरबल राजपूत को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो ई थी। ट्रैक्टर का ड्राइवर मौके से भाग गया था।

उसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर लिया था। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया था। लेकिन पुलिस ने अब तक ड्राइवर को अरेस्ट नहीं किया और चार दिन बाद ही ट्रैक्टर की ट्रॉली गांव से लेने आ गई। इसका ग्रामीणों ने विरोध किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि एएसआई राजेंद्र ने ग्रामीणों को धमकी भी दी। लेकिन गांव के लोगों में नाराजगी थी। इसलिए ट्रैक्टर को नहीं ले जाने दिया। अब ट्रैक्टर ट्रॉली गांव में खड़ी है। गांव के लोगों के कारण पुलिस को रात को दबे पांव निकलना पड़ा।

# औषधि गुणवत्ता को लेकर चिकित्सा विभाग सख्त, सघन निरीक्षण जारी लेवोसेट्रीजीन डाईहाईड्रोक्लोराईड (विनसेट-एल) टेबलेट का स्टॉक जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** औषधि गुणवत्ता को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग लगातार सख्त कदम उठा रहा है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में लगातार प्रदेश में दवा निर्माताओं एवं विक्रेताओं के यहां निरीक्षण कर नमूने लिए जा रहे हैं एवं कमियां पाई जाने पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में प्रदेश में 24 फर्मों का निरीक्षण कर करते हुए लेवोसेट्रीजीन डाईहाईड्रोक्लोराईड (विनसेट-एल) टेबलेट के स्टॉक पर रोक लगाई गई है एवं करीब 20 लाख रूपए की दवाएं जब्त की गई हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि विगत दिनों देशभर में विभिन्न दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सामने आई स्थिति के बाद प्रदेश में औषधि नियंत्रण आयुक्तालय द्वारा दवा निर्माताओं एवं विक्रेता फर्मों का निरीक्षण किया जा रहा है। दवाओं के नमूने लेकर क्वालिटी जांच की जा रही है एवं किसी भी तरह की शिकायत सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# महाप्रज्ञ अलंकरण दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** अणुव्रत समिति उदयपुर की ओर से आज महाप्रज्ञ विहार में साध्वी श्री त्रिशला कुमारी थाना पांच के सानिध्य में आज महाप्रज्ञ अलंकरण दिवस मनाया गया।

साध्वी श्री त्रिशला कुमारी ने बताया कि मां प्रज्ञा अलंकार दिवस आचार्य श्री तुलसी द्वारा मनी नथमल को महाप्रज्ञ अलंकरण प्रदान किया जाने के उपलक्ष में मनाया जाता है। यह दिवस जीवन विज्ञान के रूप में मनाया जाता है। जिसमें जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

साध्वी श्री कल्प यश ने बताया कि जीवन विज्ञान आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा प्रदत्त एक महत्वपूर्ण विषय है जो व्यक्ति को विवेक संपन्न और जीवन को सफल बनाने में मदद करता है। यह जीवन जीने की कला है और संवेग पर नियंत्रण करना सीखना है जीवन विज्ञान के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को स्वस्थ संतुलित और उद्देश्य पूर्ण बन सकता है।

अणुव्रत समिति की अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा ने बताया कि अणुव्रत विश्व भारती समिति के तत्वाधान में जीवन विज्ञान दिवस को महाप्रज्ञ अलंकरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन विज्ञान के महत्व को जन-जन तक पहुंचना है और लोगों को प्रेरित करना है।

समिति अध्यक्ष लक्ष्मी कोठारी ने बताया कि इस अवसर पर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष कमल नाहटा, युवा परिषद के अध्यक्ष अशोक चोरडिया, महिला मंडल अध्यक्ष रेणु, तेरापंथ प्रोफेशनल के अध्यक्ष राजेंद्र चंडालिया, समिति के मार्गदर्शक अर्जुन खोखावत, जीवन विज्ञान प्रभारी चंद्र प्रकाश पोरवाल मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन सभा मंत्री अभिषेक पोकरण ने किया। आभार सभा के कोषाध्यक्ष भगवती सुराणा ने व्यक्त किया। ज्ञानशाला के बच्चों की विशेष उपस्थिति रही ज्ञान साल संयुक्त का चंद्र पोखरण का विशेष सहयोग रहा।












# स्वयं सिद्धा प्रदर्शनी में महिलाओं को मिला नारी गौरव सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** लघु उद्योग भारती, मुख्य महिला इकाई उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित 'स्वयं सिद्धा 2025' प्रदर्शनी के दूसरे दिन महिलाओं की प्रतिभा, नेतृत्व और समाज सेवा को सम्मानित करने हेतु 'नारी गौरव सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि यूएस ग्रुप ऑफ कॉलेज की प्राचार्या खुशी डिंगल थी। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता पर अपने प्रेरक विचार साझा किए। कार्यक्रम में 30 विशिष्ट महिला उद्यमियों, अधिकारियों और समाजसेविकाओं राजस्थान पर्यटन की सहायक निदेशक दिव्याणी वर्डिया, पीएचईडी की कार्यकारी अभियंता श्रीश मेनारिया,रूपा शर्मा स्वास्थ्य विभाग की वरिष्ठ विभागाध्यक्ष,जीएसटी की सहायक आयुक्त, प्राची,बड़गांव की एसडीएम लतिका पालीवाल, लेखांकन अधिकारी महक सनाध्या, शंतिराज हॉस्पीटल की रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी भार्गव,सीटीआई की माला सुखवाल, डॉ. शुभा सुराणा, तथा अन्य प्रेरक महिलाओं को 'नारी गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया।

इसी दिन आयोजित लिपन आर्ट एण्ड किचन गार्डन वर्कशॉप्स में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जहां विशेषज्ञों ने पारंपरिक कला और प्राकृतिक जीवनशैली से जुड़े ज्ञान,गीतांजली मेडिकल एण्ड हॉस्पीटल से डॉ. अर्चना ने 'सर्वाइकल कैंसर एवं महिलाओं के स्वास्थ्य' पर उपयोगी जानकारी साझा की। वहीं राजेन्द्र टोयोटा की टीम ने अपनी महिला गार्ड द्वारा टेक्निकल एवं सेफ्टी ट्रेनिंग का प्रदर्शन करवाया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने सराहा। साथ ही पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल से डॉ. निखिल सिंयाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहें और उन्होंने महिला स्वास्थ्य एवं जागरूकता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

# टोंक में कांग्रेसियों ने किया डोटासरा का स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( पुरूषोतम जोशी )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जयपुर से कोटा जाते समय रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की ओर से पक्का बंधा टोंक पर जिलाध्यक्ष प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में अभिनंदन एवं स्वागत किया गया । प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में 2 साल की कुशासन से जनता त्रस्त है । भ्रष्टाचार चरम पर है, बजरी माफिया का बोलबाला है, पेंशन बंद कर दी गई है, पशु बीमा बंद है, राज्य की सडक़ टूटी हुई है, राजस्थान केंद्र शासित प्रदेश बनकर रह गया है । उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री शिक्षा सुधार पर बल नहीं देकर विद्यार्थियों की ड्रेस पर सुधार पर बल दे रहे हैं । राज्य सरकार पंचायत एवं निकाय चुनाव में हार को देखकर चुनाव से बच रही है, जनता से झूंठे वादे कर कर लोक सत्ता में आ गए, लेकिन अब सत्ता नहीं संभाली जा रही है । उन्होंने कहा कि अंता उप-चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी। जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान बताया कि इस अवसर पर पूर्व विधायक कमल बैरवा, देहात ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बेग, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, फोजू राम मीणा, राहुल सैनी,



मणीन्द्र बैरवा, दिनेश गोयल, आकाश बैरवा, मुकेश चौधरी, मयंक गोयल, कमलेश चावला, भारत वर्मा, मुजाहिद अब्बासी, आबिद मेव, शबाना बी, इरशाद खान, मोतीलाल बैरवा, सुरेंद्र, नवीन बैरवा, विक्रम बैरवा, नवीन पाटनी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता ने प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत अभिनंदन किया।

केदार कन्स्ट्रक्शन देवली की ओर से
'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ
केदार कन्स्ट्रक्शन, देवली
कैलाश चतुर्वेदी
कॉन्ट्रेक्टर
पटेल नगर, देवली (टोंक)



हमारी एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं'
'सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब '
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।



'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ



विजय चौधरी
A Class Contractor
MAA Pitambara Contraction
Devli, Tonk (Raj.)
हमारी एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं'
'सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब '
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।



'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ



मैसर्स संजय जांगिड़
कंस्ट्रक्शन सी क्लास
कान्ट्रेक्टर रावता माताजी, पोस्ट-राजमहल देवली
मो. 9414212078
हमारी एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं'
'सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब '
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।



## विश्व कल्याण एवं आपदाओं से राहत हेतु विश्व शान्ति की कामना हेतु जारी नव दिवशीय शतचंडी महायाग एवं महारुद्राभिषेक अनुष्ठान आज अंतिम दिन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** परम पूज्य ब्राह्मलीन महंत श्री 1008 श्री बृज बिहारी बन जी महाराज की तपोस्थली उदयपुर का अमरनाथ श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर महंत श्री 108 श्री तन्मय बन महाराज के पंचम चातुर्मास सिमोल्लघन से पूर्व लाभ पंचमी से प्रारम्भ हुआ नव दिवशीय शतचंडी महायाग एवं महारुद्राभिषेक अनुष्ठान 3 नवम्बर को सम्पन्न होगा।

भगवान् श्री गुप्तेश्वर महादेव और भगवती विमलाम्बा के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। जिसके निमित्त महंत श्री तन्मय बन महाराज द्वारा पिछले 4 महीने से लगातार कठोर तप करते हुए भक्तो के सहयोग से नवकुण्डीय यज्ञशाला का निर्माण करवाया गया जो की वैदिक गणित से सोमपुरा द्वारा निर्मित करवाई गई। यह अनुष्ठान महंत श्री तन्मय बन महाराज द्वारा विश्व कल्याण एवं वर्तमान में आ रही आपदाओं से राहत हेतु विश्व शान्ति की कामना से करवाया जा रहा हैं। अनवरत भारी बारिश में भी अनुष्ठान निरंतर चल रहा हैं जिसकी पूर्णाहुति 3 नवंबर सोमवार सोम प्रदोष के दिन माध्यन्ह काल में अभिजीत मुहूर्त में संपन्न होंगी। आचार्य प. जीतेन्द्र कुमार त्रिवेदी एवं 22 अन्य भू देवो के सानिध्य में चल रहे अनुष्ठान में देवी की विशेष महापूजा पात्रासाधन एवं बली पंचक का कार्य कल देव उठनी एकादशी को होगा जिसमे जो भी भक्त अपने कल्याणर्थ आ सकते हैं। महंत श्री तन्मय बन महाराज ने बताया कि इस अनुष्ठान के लिए पिछले 15 दिन से गोपाल पटेल एकलिंगपुरा, अभय सिंह देवड़ा बिलिया, राजेंद्र सिंह सिसोदिया, ओनार सिंह सिसोदिया तितरड़ी ने अलग अलग टोलिया बनाकर सभी व्यवस्था और कार्यक्रम की गतिविधियों की रुपरेखा तैयार कर इस अनुष्ठान को निर्विघ्न सम्पन कराने के लिए सभी कार्यव्यवस्था को सम्पन्न कराया।

## जयपुर में बॉयफ्रेंड ने किया युवती से रेप:शादी करने का किया वादा, डेढ़ साल तक देता रहा धोखा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में एक बॉयफ्रेंड के युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। शादी करने का वादा कर आरोपी बॉयफ्रेंड ने उसके साथ रेप किया। पिछले डेढ़ साल तक धोखा देकर देहशोषण करता रहा। ट्रांसपोर्ट नगर थाने में पीड़ित युवती ने आरोपी बॉयफ्रेंड के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच स।ह्र (ट्रांसपोर्ट नगर) अरुण चौधरी कर रहे है। पुलिस ने बताया- जवाहर नगर की रहने वाली 24 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कुछ साल पहले उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे दोस्ती कर ली। मिलने-जुलने के दौरान उसको प्रेम जाल में फांसकर शादी करने का ऑफर रखा। आरोप है कि जनवरी-2024 में मिलने के बहाने बुलाकर आरोपी ने अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर शादी करने का वादा कर उसके साथ रेप किया। शादी करने का झांसा देकर आरोपी बॉयफ्रेंड उससे लगातार देहशोषण करने लगा। पिछले डेढ़ साल से अधिक समय तक देहशोषण करता रहा। शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी ने मना कर दिया। धोखे का एहसास होने पर पीड़ित युवती ने आरोपी बॉयफ्रेंड के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

## आज से फिर बारिश का अलर्ट, 7 डिग्री बढ़ा तापमान:नए सिस्टम से बदलेगा मौसम; अलवर, कोटा सहित कई जिलों में छाया कोहरा

जयपुर।

अरब सागर में बना डिप्रेशन सिस्टम शनिवार को कमजोर हो गया। प्रदेश में मौसम अधिकांश जगह ड्राय रहा। बारिश का दौर लगभग थम गया। दिन में कई जगह धूप निकली। इससे अधिकतम तापमान में 7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज हुई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, बारिश का दौर 3 नंवबर से फिर शुरू होगा। एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा, जिसके प्रभाव से 3 से 4 नवंबर को जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर और जोधपुर संभाग के जिलों में मौसम बदलेगा। 3 नवंबर को 17 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### आसमान साफ रहा और धूप निकली

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के अधिकांश शहरों में आसमान साफ होने से धूप निकली और तापमान में बढ़ोतरी हुई। शनिवार दिन का सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 35.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कोटा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, टोंक, अजमेर, बारां, करौली, दौसा, अलवर और भीलवाड़ा में शनिवार दिन के तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हुई। सिरोही में अधिकतम तापमान 7.8 डिग्री चढ़कर 31 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे पहले अलवर, बूंदी, कोटा समेत कई जिलों में सुबह कोहरा रहा और विजिबिलिटी कम रही।

## 8 गोल्ड मेडल जीत चुका तीरंदाज ट्रेन से गिरा, मौत

### कोटा में खाने का पैकेट लेने उतरते समय पैर फिसला; ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसा

कोटा।

कोटा रेलवे स्टेशन पर नेशनल लेवल के तीरंदाजी खिलाड़ी की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। युवक अपने साथियों के गेट पर खड़ा था। उसे खाना लेने के लिए स्टेशन पर उतरना था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया। चलती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसने से उसकी मौत हो गई। जीआरपी थाने के हेड कॉन्स्टेबल डालचंद ने बताया- मृतक की पहचान अर्जुन सोनावाने (20) के रूप में हुई है, जो नासिक (महाराष्ट्र) का रहने वाला था। अर्जुन अपनी पूरी टीम और कोच के साथ शकूरबस्तीङ्कमुंबई सेंट्रल एसी स्पेशल ट्रेन में सफर कर रहा था। शनिवार रात 8.30 बजे ट्रेन कोटा जंक्शन पर पहुंची थी।

## 52 घाटों पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी : पुष्कर सरोवर में पहले दिन 2 लाख ने किया स्नान

अजमेर।

देव प्रबोधिनी एकादशी के मौके पर पुष्कर सरोवर में पंचतीर्थ का पहला स्नान शुरू हो गया है। इसी के साथ पुष्कर के सालाना धार्मिक मेला भी शुरू हो गया। 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर होने वाले महास्नान के साथ यह समाप्त होगा।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु का पहुंचना भी जारी है। स्नान रविवार सुबह ब्रह्म मुहूर्त के बीच शुरू हुआ। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिया तक जगत पिता ब्रह्मा जी ने पुष्कर सरोवर में सृष्टि यज्ञ किया था।

इस दौरान स्वयं ब्रह्माजी सहित सभी 33 कोटि देवी देवता अंतरिक्ष की जगह ब्रह्म सरोवर में ही विद्यमान रहते हैं, तथा सरोवर में स्नान करने मात्र से अक्षय पुण्य फल की प्राप्ति होती है। पंच तीर्थ स्नान को पांच भीष्म स्नान भी कहते हैं।

वहीं दूसरी तरफ पुष्कर के गुरुद्वारे से आध्यात्मिक यात्रा भी शुरू हुई। यात्रा नए रंगजी मंदिर से शुरू होकर मेल स्टेडियम पहुंची। यात्रा का जगह-जगह स्वागत भी किया गया।



















# प्रथम वेलफेयर सोसाइटी की नई कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** मांग्यावास मानसरोवर जयपुर स्थित प्रथम अपार्टमेंट्स की प्रथम वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा नई कार्यकारिणी के गठन हेतु मीटिंग आयोजित की गई जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।

पिछली कार्यकारिणी सदस्यों के उत्कृष्ट कार्य और समर्पण को देखते हुए प्रथम परिवार के सभी सदस्यों ने एक मत होकर उन्हें पुनः जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया। मीटिंग में उपस्थित प्रथम परिवार के सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से निर्विरोध अमरेंद्र पाल सिंह (अध्यक्ष), विनोद शर्मा (उपाध्यक्ष), हनुमान चौधरी (सचिव) एवं शमी छाबड़ा (कोषाध्यक्ष) एवं समिति के सदस्यों को चुना गया है। प्रथम परिवार के सभी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव एवं सहयोग से सोसाइटी के विकास और एकता को और अधिक मजबूती मिलेगी।



'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ
भगवान गुरु कृपा संस्थान, देवली





गुरुदेव गुरुदेव
पं. मुकेश गौतम
966-715-6670
हमारी एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं'
'सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब'
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।

'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं
छोटा डंक बड़ा खतरा
बचाव उपचार से बेहतर डेंगू और मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में सहयोग दें।
मलेरिया लक्षण: बुखार आना, सर्दी लगना, सिरदर्द होना, बदन दर्द होना, उल्टियां आना।
डेंगू लक्षण: बुखार आना, लाल चकते होना, कमर, सिर व आँख में दर्द होना, मांसपेशियां दर्द होना, जोड़ों में दर्द होना।
रोकथाम
- मच्छरदानी के भीतर ही सोये।
- खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगवायें व मच्छर निरोधक उत्पादों का प्रयोग करें।
- हल्के रंग के कपड़े पहने एवं हाथ-पैर को पूरा ढके।
- हर सप्ताह कूलर टंकी और बैरल के पानी को खाली करें।
- आसपास पानी को इकट्ठा न होने दें।
- कैसा भी बुखार होने पर तुरंत चिकित्सक से सम्पर्क करें।
यदि आप में उपरोक्त लक्षण है, तो
तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर जाएं एवं स्वास्थ्यकर्मी से परामर्श लें।
चिकित्सक की सलाह अनुसार रक्त की जाँच करवाएं। यदि रक्त जाँच का परिणाम सकारात्मक आता है तो चिकित्सक की सलाह से पूर्ण उपचार कराएं।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, झालावाड़
द्वारा जनहित में जारी

'बढ़ता राजस्थान' स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ



तनसुख बैरवा
पूर्व पालिका उपाध्यक्ष, देवली



राजेन्द्र गुर्जर
विधायक, देवली-उनियारा
हमारी एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं'
'सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब'
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।

'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समस्त देवली
क्षेत्रवासियों सहित विद्यार्थियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ



मोहम्मद इदरीश
निदेशक, स्टार इन्फोटेक कॉलेज, देवली
STAR Infotech College
रामथला चौराहा, देवली
B.A., B.Sc., B.C.A., PGDCA
STAR Tailor / STAR Computer, DEOLI
हमारी एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं'
'सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब'
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।

'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर टोंक जिले के समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ताओं
और पदाधिकारियों की ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और
ढेर सारी बधाईयाँ
माया सुवालका
देवली-उनियारा विधानसभा
प्रदेश सचिव
प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान



प्रभारी, शाहपुरा विधानसभा (जयपुर ग्रामीण)
पूर्व सदस्य, राज. राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार
प्रदेश महिला अध्यक्ष, राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा (राज.)
राष्ट्रीय महिला महासचिव, अ.भा. सर्ववर्गीय जायसवाल कलाल महासभा
पूर्व प्रदेश महासचिव, राजस्थान कांग्रेस कमेटी (शिक्षा प्रकोष्ठ)
पूर्व अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) टोंक राजस्थान सरकार

# विवाह आमंत्रण के नाम पर साइबर जाल, आमंत्रण एपीके से हो सकता है मोबाइल हेक

## शादियों के सीजन में साइबर ठग भेज रहे हैं नकली ई-निमंत्रण लिंक, क्लिक करते ही चोरी हो सकती है आपकी निजी जानकारी व बैंकिंग डिटेल्स

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( पुरूषोतम जोशी )।** साइबर अपराधों को रोकने के लिए पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को एक गंभीर साइबर खतरे के प्रति आगाह किया है। विवाह-शादी के इस सीजन् में साइबर ठग सोशल मीडिया, व्हाट्सएप एवं ई-मेल के माध्यम से ई-निमंत्रण एवं गिफ्ट लिंक के बहाने एक खतरनाक जाल बिछा रहे हैं।

इस चेतावनी का उद्देश्य साइबर अपराधों पर अंकुश लगाना है। उप महानिरीक्षक पुलिस साइबर क्राइम विकास शर्मा ने बताया कि अपराधी एक फर्जी एपीके फाइल जिसका नाम अक्सर आमंत्रण एपीके होता है, साझा कर रहे हैं। उपयोगकर्ता जैसे ही शादी के आमंत्रण या लोकेशन लिंक समझकर इस पर क्लिक करते हैं, यह एप्लिकेशन मोबाइल में इंस्टॉल हो जाता है। यह कोई साधारण ऐप नहीं बल्कि एक बैकडोर मैलवेयर है, जो डिवाइस को हैक कर लेता है। एक बार इंस्टॉल होने के बाद यह मैलवेयर चुपके से एसएमएसए संपर्क सूची, कैमरा एवं फाइल एक्सेस जैसी संवेदनशील अनुमतियां प्राप्त कर लेता है। इसके बाद यह गुप्त रूप से उपयोगकर्ता की व्यक्तिगत जानकारी, बैंकिंग डिटेल्स, ओटीपी एवं पासवर्ड को एकत्रित करना शुरू कर देता है। साइबर अपराधी इसी चोरी किए गए डेटा का उपयोग करके बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे हैं, जिससे आमजन की गाढ़ी कमाई खतरे में पड़ रही है।

### पुलिस ने दी ये पांच महत्वपूर्ण सुरक्षा सलाह

साइबर क्राइम शाखा ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी संभावित नुकसान से बचने के लिए इन सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालन करें, किसी भी ई-निमंत्रण या गिफ्ट लिंक पर क्लिक करने से पहले भेजने वाले की पहचान सुनिश्चित करें, मोबाइल सेटिंग्स में विकल्प को तुरंत अक्षम करें। हमेशा केवल गूगल प्ले स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर जैसे अधिकृत ऐप स्टोर से ही एप्लिकेशन डाउनलोड करें। अपने मोबाइल में एक विश्वसनीय एंटीवायरस या मोबाइल सिक्योरिटी एप्लिकेशन का उपयोग करें।

### शिकायत दर्ज करने के लिए संपर्क करें-

यदि आप इस प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सहायता के लिए साइबर हेल्प लाईन नम्बर 1930 पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए पुलिस मुख्यालय के हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 या 9257510100 पर भी संपर्क किया जा सकता है।




# लोहे के कारखाने की दीवार गिरने से टला बड़ा हादसा

**टोंक ( पुरूषोतम जोशी )।** जिले के दतवास के रंगीला बालाजी के पास बसी हुई कालोनी में शनिवार की रात लोहे के कारखाने की दीवार गिर जाने से बड़ा हादसा टल गया। दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि कारखने के पास खाली पडे प्लाट में कई दिनों से बरसात का पानी भरा रहने के कारण दीवार में पानी रस रहा था, जिसके चलते कारखाने की दीवार गिर गई। दीवार के आस पास बचे खेलते रहते है, कालोनीवासी पैदल आते जाते रहते है, लेकिन उस समय कोई बड़ा हादसा होने से बच गया।



# स्वदेशी जागरण मंच की जिला बैठक में स्वदेशी संकल्प सप्ताह मनाने का निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत )।** स्थानीय धोली मंडी स्थित कार्यालय में स्वदेशी जागरण मंच की जिला बैठक संपन्न हुई। जिला संयोजक देवदत्त शर्मा ने बताया कि आगामी 10 नवंबर को स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक राष्ट्र ऋषि दत्तोपंतजी ठेंगड़ी का जन्म जयंती दिवस है। भारत की समृद्धि के लिए स्वदेशी की भावना जन-जन तक पहुंचनी चाहिए। इसलिए 10 नवंबर से 17 नवंबर तक स्वदेशी संकल्प के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला सहसंयोजक पूनम चंद शर्मा ने स्वदेशी संकल्प सप्ताह के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यक्रमों की संरचना एवं प्रस्तावना प्रस्तुत की। जिला विचार विभाग प्रमुख गोपाल सैनी ने ठेंगड़ी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन देश, समाज व राष्ट्र के लिए समर्पित था। आजीवन परिव्राजक रहते हुए संपूर्ण भारत की परिक्रमा की। उन्होंने स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ जैसे राष्ट्रव्यापी संगठनों की स्थापना की। महिला कार्य प्रमुख प्रीति पारीक ने स्वदेशी के विचार के क्रियान्वयन में मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बालिकाओं एवं महिलाओं के बीच स्वदेशी के विचार पहुंचाने के लिए कार्यक्रमों की योजना रचना की जानकारी दी। राजेश शर्मा ने स्वदेशी अपनाने के संकल्प से राष्ट्र की समृद्धि के बारे में बताया। डॉक्टर सीताराम कुमावत ने युवाओं में स्वदेशी के भाव को प्रोत्साहन हेतु लाइब्रेरी, हॉस्टल, जिम एवं पीजी में युवाओं से संपर्क करने का सुझाव दिया। मंच संचालन सह नगर संयोजक डॉक्टर मनोज सांखला ने किया।



'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ



इं. नवल मंगल
सौजन्य से : इंजीनियर नवल मंगल
समाजसेवी
हमारी एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं'
'सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब '
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।

'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ



श्याम परिवार संस्था, देवली
हमारी एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं'
'सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब '
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।

'बढ़ता राजस्थान'
स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त देवली क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
देव दीपावली एवं श्री गुरु नानक देव जी की जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाईयाँ



श्री नरेश कुमार गोयल



श्री कृष्ण कुमार गोयल
PREM STONE INDUSTRIES
RAHUL STONE INDUSTRIES
इंडस्ट्रियल एरिया रीको, देवली (टोंक)
हमारी एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं'
'सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
गर्व हो इस आजादी का तब,
स्वच्छ और साफ़ बने भारत देश जब '
धरती माँ का यह संदेश,
स्वस्थ जीवन के लिए
पेड़ अवश्य लगाओ।

दैनिक बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in
16th Anniversary
दैनिक बढ़ता राजस्थान के 16वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


# ‘सरदार@150 यूनिटी मार्च’ से एकता का संदेश

## राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सेवा भावना के मूल्यों से युवाओं को जोड़ेगा यह अभियान

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पदयात्राओं के रूप में आयोजित होने वाले सरदार@150 यूनिटी मार्च की तैयारियों को लेकर रविवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलक्टर काना राम ने की, जबकि पदयात्रा के राज्य संयोजक एवं खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल राज्य संयोजक के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में मीडिया प्रतिनिधियों के समक्ष भारत सरकार द्वारा यूनिटी मार्च के संबंध में जारी प्रेरणादायक वीडियो प्रदर्शित किया गया।

प्रेस वार्ता के दौरान ‘सरदारञ्च150 यूनिटी मार्च माय भारत डायरी’ का विमोचन भी किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों ने एकता अभियान का दस्तावेज और प्रेरणा-स्रोत बताया। विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने कहा, सरदार पटेल ने जिस दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रभक्ति से भारत की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोया, वही भावना इस यूनिटी मार्च की प्रेरणा है। सरदार पटेल के योगदान से जन-जन को अवगत कराने और युवाओं में राष्ट्रीय एकता की चेतना जगाने के उद्देश्य से यह पदयात्राएं आयोजित की जा रही हैं।



### जिले में दो प्रमुख पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी

पदयात्रा के राज्य संयोजक एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि खंडार में 15 नवम्बर को खंडार में फलोदी के टोडरा शिव मंदिर से वनखंडी बालाजी तक एवं 16 नवम्बर को गंगापुर सिटी में उघाड़मल बालाजी मंदिर से पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम जी मंदिर तक आयोजित की जाएगी। इन पदयात्राओं में 8-10 किमी की दूरी तय की जाएगी, जिसमें 500 से अधिक युवाओं एवं नागरिकों की भागीदारी होगी। प्रेस वार्ता के दौरान जिला कलक्टर काना राम ने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार ‘यूनिटी मार्च’ को उत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर खंडार पंचायत समिति प्रधान नरेंद्र चौधरी, माय भारत जिला युवा अधिकारी हर्षित खंडेलवाल, जिला समन्वयक एनएसएस राकेश मीना ,पदयात्रा की जिला संयोजक मीरा सैनी, सहसंयोजक हरफूल बैरवा एवं शुभम भारद्वाज , जिले के पत्रकारों सहित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राहोली में भामाशाह सहयोग से लगाए सीसीटीवी कैमरे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में भामाशाह सहयोग से चार हाई नाइट विजन आई पी सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। यह पहल विद्यालय की सुरक्षा एवं अनुशासन व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। यह कैमरे भामाशाह चतरपाल सिंह राजावत और दामोदर सिंह राजावत की ओर से लगवाए गए है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका ने इस अवसर पर कहा कि भामाशाहों के सहयोग से लगे ये सीसीटीवी कैमरे न केवल विद्यालय की सुरक्षा को बढ़ाएंगे, बल्कि अनुशासन को भी बेहतर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कदम से विद्यालय के परिसर



में सुरक्षा की एक नई भावना विकसित होगी, जिससे अभिभावकों में भी विश्वास बढ़ेगा। भामाशाह चतरपाल सिंह राजावत ने इस पहल की आवश्यकता को बताते हुए कहा कि आज के समय में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। हमारी यह कोशिश है कि हम विद्यालय के वातावरण को सुरक्षित एवं अनुशासित बनाएं। वहीं भामाशाह दामोदर सिंह राजावत ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने समाज और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाएं। इस समारोह में स्कूल परिवार की ओर से भामाशाहों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण रामावतार माली एवं शिक्षक प्रेमचन्द बैरवा भी उपस्थित रहे। रामावतार माली ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमारे बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। सीसीटीवी कैमरे की स्थापना के बाद विद्यालय प्रशासन ने आशा व्यक्त की है कि इससे न केवल परिसर की सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि यह शिक्षण प्रक्रिया को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। विद्यालय के शिक्षक प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे न केवल सुरक्षा प्रदान करेंगे बल्कि यह विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए बेहतर अनुशासन का माध्यम भी बनेंगे।

# एक शाम गौ माता के नाम कार्यक्रम : जिले को 263 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न कार्यों की सौगात

## कृषि एवं आपदा राहत मंत्री डॉ. किरोड़ी मीणा विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन विभागों के मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के प्रयासों से सवाई माधोपुर जिला विकास कार्यों में लगातार अग्रणी है। इस क्रम में सोमवार को जिले को 263 करोड़ रुपये से अधिक लागत के कार्यों की सौगात मिली। डॉ. मीना के जन्मदिवस 3 नवम्बर के दिन दिवाली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट प्रसादी वितरण महोत्सव के अवसर पर आयोजित एक शाम गौ माता के नाम कार्यक्रम के दौरान इन कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा।

मंत्री डॉ. मीणा कुल 107 करोड़ रुपए लागत की 63 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान 15 किलोमीटर से अधिक लम्बाई की सड़कों के मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्यों का लोकार्पण भी किया जाएगा, जिनकी लागत लगभग 32 करोड़ रुपये है। राज्य सरकार



ने जिले के लिए इन सड़क विकास कार्यों की घोषणा राज्य बजट 2025-26 में की थी। सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत लगभग 140 करोड़ रुपए की इस राशि से जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के सुदृढ़ीकरण, चौड़ाईकरण, सौन्दर्यकरण और निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं।

डॉ. मीना इस कार्यक्रम के दौरान मलारना डूंगर क्षेत्र में ईसरदा दौसा पेयजल परियोजना के तहत ग्रामीण इलाकों में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए दो उच्च जलाशयों के निर्माण कार्यों का भी शिलान्यास करेंगे। लगभग 70 करोड़ रुपए लागत के इन दो जलाशयों से 61 गांवों में पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ ही नगर परिषद सवाई माधोपुर की ओर से लटिया नाले की सुरक्षा दीवार और हम्मीर सर्किल के सौंदर्यकरण कार्यों का भी शिलान्यास होगा। इन विकास कार्यों की कुल लागत लगभग 38 करोड़ रुपए है। कृषि मंत्री नगर परिषद सवाई माधोपुर में 15 करोड़ रुपये से टाउन हॉल और लगभग 19 लाख रुपए रुपये की लागत से श्री राधा कृष्ण पुस्तकालय एवं वाचनालय में कमरे निर्माण कार्यों का भी शिलान्यास करेंगे।









# आत्मनिर्भरता: नौसेना के लिए स्वदेशी उपग्रह, अंतरिक्ष आधारित संचार क्षमता में इजाफा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली.** भारत रक्षा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। यह कदम आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक बड़ी पहल है। इसके तहत रविवार को नौसेना के लिए स्वदेशी संचार उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित किया जाएगा। यह उपग्रह अंतरिक्ष की आधारित संचार क्षमता में इजाफा करेगा।

भारतीय नौसेना की अंतरिक्ष आधारित संचार क्षमता को और अधिक सशक्त करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) रविवार को जीसैट-7आर उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा। यह अब तक का नौसेना के लिए सबसे उन्नत और भारी संचार उपग्रह है। इसका वजन लगभग 4,400 किलोग्राम है। भारतीय नौसेना के मुताबिक यह उपग्रह पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से डिजाइन और विकसित किया गया है। नौसेना ने यह भी बताया कि इस उपग्रह का प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया जाएगा।



## शिक्षामंत्री ने कहा- परिणाम भुगतेंगे जांच बाधित करने वाले

### नीरजा मोदी स्कूल में छात्रा की मौत पर दिखाई सख्ती, बोले- एनओसी-मान्यता की चल रही जांच

**जयपुर।** जयपुर में नीरजा मोदी स्कूल की छात्रा के चौथी मंजिल से कूदने मामले में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- स्कूल प्रशासन ने शिक्षा अधिकारियों को जांच से रोकने की कोशिश की है तो स्कूल को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। अगर किसी ने जांच में सहयोग नहीं किया तो भविष्य में स्कूल के खिलाफ होने वाली कार्रवाई देखने लायक होगी। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- सरकार जांच कर रही है कि स्कूल को किस नियम के तहत एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) दी गई। वहीं सीबीएसई ने उसे मान्यता किस आधार पर दी। शिक्षामंत्री मंत्री दिलावर ने यह कहा। दिलावर ने कहा- प्रतिष्ठित निजी स्कूल में ऐसा हादसा होना आश्चर्यजनक है।















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 प्रतीक्षा सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।